

फिल्मों से मिलेगा पर्यावरण संरक्षण का संदेश

संवाददाता

छठे सीएमएस वातावरण 2011 फिल्म फेस्टिवल के लिए पर्यावरण और वन्य जीवन पर आधारित फिल्मों के नामांकन की घोषणा की जा चुकी है। बहुप्रतीक्षित यह फिल्म फेस्टिवल भारत का इकलौता फेस्टिवल है जो पर्यावरण और वन्य जीवन के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय टक्कर का है।

इस साल इस फेस्टिवल में 68 फिल्मों का नामांकन 37 सदस्यीय ज्यूरी द्वारा किया गया। ज्यूरी की अध्यक्षता स्कॉलर और कूटनीतिज्ञ डॉ. आबिद हुसैन ने की। इस फिल्म फेस्टिवल के लिए 27 देशों और 21 भारतीय राज्यों से 300 फिल्मों की एंट्री प्राप्त की गईं। इन फिल्मों से चयनित 68 फिल्मों का अब सीएमएस वातावरण पुरस्कार के लिए अलग-अलग श्रेणियों के तहत चुनाव किया जाएगा।

राजधानी दिल्ली में आगामी 9 दिसंबर को इस शानदार पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जाएगा जहां विजेताओं के नामों की घोषणा की जाएगी। वहीं सीएमएस वातावरण फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 6 दिसंबर से कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा। नॉमिनेशन की बात करें तो इस वर्ष भारत के 12 राज्यों से कुल 51 फिल्मों का नामांकन किया गया जिनमें दिल्ली से सबसे ज्यादा 21 फिल्मों को चुना गया। इसके बाद केरल से आठ, महाराष्ट्र से पांच और कनार्टक से चार फिल्मों का चुनाव किया गया।

इनके अलावा आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से भी दो-दो फिल्में चुनी गईं। मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पंजाब से एक-एक फिल्म चुनी गई। नरेश बेदी, रिशु निगम, कृष्णनेंदु बोस, उमेश अग्रवाल, नंदन सक्सेना, आकांक्षा जोशी, संदेश कौर आदि कुछ प्रमुख फिल्म मेकर्स की फिल्में नॉमिनेशन में शामिल हैं।

वहीं अंतरराष्ट्रीय श्रेणी में 9 देशों से 17 फिल्मों को नामांकित किया गया जिनमें यूएसए से पांच, जर्मन और जापान से तीन, फ्रांस, कनाडा, न्यूजीलैंड, यूके और पाकिस्तान से एक-एक फिल्म शामिल है। सीएमएस वातावरण पुरस्कार 2011 में भारतीय प्राकृतिक संरक्षण फिल्ममेकर्स के लिए ईनामी राशि 15 लाख रुपए है।

हर साल होने वाले सीएमएस वातावरण फिल्म महोत्सव का उद्देश्य लोगों में फिल्मों के माध्यम से पर्यावरण और वन्य जीवों के प्रति जागरूकता पैदा करना है।



सीएमएस वातावरण की ओर से पर्यावरण और वन्य जीव संरक्षण पर आधारित फिल्मों और इनके जरिए जागरूकता पैदा करने वाला फिल्म महोत्सव दिसंबर माह में आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के अंतर्गत श्रेष्ठ फिल्मों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। पुरस्कार के लिए फिल्मों का नामांकन किया जा चुका है। इनमें दिल्ली से सबसे ज्यादा (21) फिल्में चुनी गई हैं।